**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 16.09.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला,न्यायाधीश,जनवार्ता, परफेक्ट मिशन , ,," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 16.09.2025

### महान इंजीनियर और योजनाकार थे विश्वेश्वरैया

वाराणसी। वीडीए में सोमवार को इंजीनियर्स डे पर कार्यशाला हुई। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया महान इंजीनियर और जाने माने योजनाकार थे। कहा कि विश्वेश्वरैया अपने धुन के पक्के थे। देश की प्रगति में उनका अमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने कृष्णराज सागर बांध, हैदराबाद बाढ़ नियंत्रण प्रणाली जैसे इंजीनियरिंग कार्यों के माध्यम से तकनीकी क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया। ब्यूरो

## न्यायाधीश–दि0 16.09.2025

### इंजीनियर्स डे पर कार्यशाला का किया गया आयोजन



वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण में इंजीनियर्स डे के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राधिकरण के अधिक्षण अभियंता द्वारा की गई।कार्यशाला में अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर अभियंतागण द्वारा ङभारत रतन मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैयाङ के योगदान एवं इंजीनियरिंग क्षेत्र मे उनकी उपलब्धियों को याद किया गया।गौरतलब है कि भारत में ङइंजीनियर्स डे प्रत्येक वर्ष 15 सितम्बर को मनाया जाता है।यह दिवस महान अभियंता सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्षय में मनाया जाता है।ङ उन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया, विशेषकर कृष्णराज सागर बांध एवं हैदराबाद बाढ नियंत्रण प्रणाली जैसे ऐतिहासिक इंजीनियरिंग कार्यं के माध्यम से। राष्ट्र निर्माण और तकनीकी क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के सम्मान में 1968 से भारत में 15 सितम्बर को इंजीनियर्स डे मनाया जाने लगा।कार्यशाला के दौरान प्राधिकरण के अभियंताओं ने इंजीनियरिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु अपने विचार साझा किए।

## जनवार्ता–दि0 16.09.2025

### वीडीए: इंजीनियर्स डे पर गुणवत्ता से कार्य करने का संकल्प

**वाराणसी (जनवार्ता)।** वाराणसी विकास प्राधिकरण में इंजीनियर्स डे के अवसर पर सोमवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अधीक्षण अभियंता ने की। जिसका शुभारंभ वीडीए उपाध्यक्ष एवं अभियंताओं ने भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कृष्णराज सागर बांध और हैदराबाद बाढ़ नियंत्रण प्रणाली जैसी ऐतिहासिक परियोजनाओं से आधुनिक भारत के निर्माण में अहम योगदान दिया। जहाँ उनकी जयंती के उपलक्ष्य में 1968 से पूरे देश में इंजीनियर्स डे मनाया जा रहा है। कार्यशाला में अभियंताओं ने गुणेवत्तापूर्ण कार्य, पारदर्शिता, समयबद्धता और तकनीकी उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में इंजीनियरिंग की भूमिका को मजबूत करने के लिए अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।



भारत रत्न विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि देते वीडीए वीसी।

## परफेक्ट मिशन–दि0 16.09.2025

### इंजीनियर्स डे पर वीडीए में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**वाराणसी (परफेक्ट मिशन)।** वाराणसी विकास प्राधिकरण में इंजीनियर्स डे के अवसर पर सोमवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।



इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राधिकरण के अधिक्षण अभियंता द्वारा की गई। कार्यशाला में अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण ने सक्रिय सहभागिता की।इस अवसर पर अभियंतागण द्वारा भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के योगदान एवं इंजीनियरिंग क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों को याद किया गया।गौरतलब है कि भारत में इंजीनियर्स डे प्रत्येक वर्ष 15 सितम्बर को मनाया जाता है।यह दिवस महान अभियंता सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया, विशेषकर कृष्णराज सागर बांध एवं हैदराबाद बाढ़ नियंत्रण प्रणाली जैसे ऐतिहासिक इंजीनियरिंग कार्यों के माध्यम से। राष्ट्र निर्माण और तकनीकी क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के सम्मान में 1968 से भारत में 15 सितम्बर को इंजीनियर्स डे मनाया जाने लगा। कार्यशाला के दौरान प्राधिकरण के अभियंताओं ने इंजीनियरिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु अपने विचार साझा किए।